अग्रवाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में आज दिनांक 12 जनवरी 2021 को यूथ रेड क्रॉस और रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस दिन को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है । इस अवसर पर आमंत्रित मुख्य अतिथि श्री गंगाशंकर मिश्र, डिप्टी जनरल मैनेजर (रिटायर्ड), इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड, फरीदाबाद, श्री अनिल प्रताप सिंह उद्योगपति व श्री राजकुमार शर्मा वरिष्ठ वकील उपस्थित रहे ।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने छात्रों को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों का अनुसरण करने के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए कहा और राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दीं । मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय के सभागार में उपस्थित लगभग 250 स्वयंसेवककों को अपने उदबोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन के साथ पुरातन भारतीय संस्कृति, परम्परा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस हमें प्रेरणा देता है कि इतने महान व्यक्ति के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाना गौरव का विषय है । उन्होंने कहा कि यदि किसी महापुरुष को सच्ची श्रद्धांजलि देनी है तो जरुरी है कि हम उनके बताये मार्ग पर चलें व उनके विचारों का अनुसरण करें । मुख्य वक्ता ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए विवेकानंद जी के शब्दों में कहा कि – “उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये” । उन्होंने बताया कि अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है ।

इस अवसर पर विश्व एड्स दिवस पर आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक भी वितरित किये गए । मुख्य अतिथि का स्वागत इतिहास विभागाध्यक्ष एवं यूथ रेड क्रॉस के समन्वयक डॉ०

जयपाल सिंह, मंच संचालन डॉ० संतोष विश्नोई व धन्यवाद ज्ञापन श्री सुभाष ने किया। इस अवसर पर यूथ रेड क्रॉस के संयोजक श्री सुभाष व श्री लवकेश एवं रेड रिबन क्लब के संयोजक श्रीमती नेहा गोयल व श्रीमती त्रिमेश कालरा भी उपस्थित थे।